**बैठक** — खाद की कालाबाजारी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई, कराई जाएगी एफआईआर

# खाद की करें निगरानी, किसानों को भी दें जानकारी



**नवभारत,कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सभी एसडीएम और कृषि, सहकारिता और मध्यप्रदेश विपणन संघ के अधिकारियों से कहा है कि जिले में उपलब्ध उर्वरक की उचित वितरण व्यवस्था करते हुए किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से लगातार संवाद करें और उनके संपर्क में रहें। उर्वरक वितरण व्यवस्था की पुख्ता निगरानी की जाए और किसानों को उनकी जरूरत के आधार पर उर्वरक उन्हें उपलब्ध कराया जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को से कहा कि वे डबल लॉक, पैक्स और निजी विक्रय केन्द्रों का आकस्मिक सत्यापन करने के साथ उनकी मॉनिटरिंग भी करें। कलेक्टर ने कृषि, सहकारी बैंक, विपणन संघ के अधिकारियों को संबंधित क्षेत्र के एसडीएम के लगातार संपर्क में रहकर उर्वरक वितरण व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जिले में नीम कोटेड यूरिया सहित सभी प्रकार के उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। सभी किसानों को जरूरत के मुताबिक उर्वरक मुहैया कराई जाएगी। बैठक में कृषि विभाग के उपसंचालक डॉ आरएन पटेल ने बताया कि जिले के लिए 490 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया की एक और खेप झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उर्वरक की कालाबाजारी, अवैध परिवहन, अवैध भंडारण, टैगिंग और नकली उर्वरक विक्रेताओं और इस कार्य में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। बैठक में बताया गया जिले में अब तक 6 उर्वरक विक्रेताओं के लायसेंस निरस्त किए गए हैं और एक विक्रेता के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि उर्वरक वितरण व्यवस्था में पूरी तरीके से पारदर्शिता रहे। बेहतर से बेहतर वितरण व्यवस्था की जाए, ताकि सभी किसानों को उर्वरक मिल सके। उन्होंने इस कार्य से पटवारियों और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों सहित जरूरत के मुताबिक अन्य मैदानी अमले की ड्यूटी लगाने के लिए भी कहा गया है। कलेक्टर ने अधिकारियों को हिदायत दी कि वे उर्वरक उपलब्धता और वितरण से संबंधित जानकारी किसानों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित किसान संगठनों के पदाधिकारियों को दें। इसके अलावा कलेक्टर ने अधिकारियों को नरवाई प्रबंधन के लिए उपयोगी कृषि यंत्र हैप्पी सीडर और सुपर सीडर के उपयोग के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने, अनुदान पर कृषि यंत्र खरीदने सहित फसल बीमा और पंजीयन प्रक्रिया के संबंध में भी कार्रवाई करने के लिए कहा। बैठक में अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, एसडीएम प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, एसडीएम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया, एसडीएम विजयराघवगढ़ विवेक गुप्ता, एसडीएम ढीमरखेड़ा निधि सिंह गोहल, उपसंचालक कृषि डॉ. आर एन पटेल, जिला विपणन अधिकारी उपस्थित रहे।



## नागरिकों की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता

**पुलिस अधीक्षक ने किया कैमोर थाने का औचक निरीक्षण**

**नवभारत कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने गुरुवार दोपहर जिले के भ्रमण के दौरान कैमोर थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर का अवलोकन कर पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने मालखाना, बंदीगृह, कंप्यूटर कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, थाना रिकॉर्ड का बारीकी से परीक्षण किया। उन्होंने थाना प्रभारी सहित उपस्थित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि थाने में आने वाले प्रत्येक फरियादी की शिकायत गंभीरता से सुनी जाए, प्रत्येक आवेदन का समय-सीमा में निराकरण किया जाए, ताकि किसी भी नागरिक को अनावश्यक परेशानी नहीं हो, थाने में आमजन को सहज, सुरक्षित और तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जाए। लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने कहा कि अपराधों की रोकथाम और नागरिकों की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने चोरी, नकबजनी, अन्य संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी रोकथाम के लिए थाना क्षेत्र में पुलिस गश्त को और अधिक प्रभावी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि क्षेत्र में पुलिस की उपस्थिति रहे, स्थानीय नागरिकों से संवाद किया जाए, महिला और कमजोर वर्ग से संबंधित शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई की जाए।

## एक नजर में

### कर्ज से तंग युवक ने की आत्महत्या

**नवभारत, कटनी।** बहोरीबंद थाना क्षेत्र के डिहुटा गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का आरोप है कि युवक ने कर्ज से परेशान होकर आत्महत्या की है। कर्ज के लिए परेशान करने का आरोप बहोरीबंद स्थित बंधन बैंक शाखा के कर्मचारी पर परेशान करने का आरोप लगाया है, परिजनों ने बताया कि बंधन बैंक से करीब डेढ़ लाख का लोन था, जिसकी किश्त वह नहीं दे पा रहा था, इसी वजह से बैंक के कर्मचारी द्वारा किश्त जमा करने का दबाव बनाया जा रहा था। मृतक के हाथ में मेरी मौत का जिम्मेदार राजपाल सर बंधन बैंक बहोरीबंद लिखा हुआ था। पुलिस ने बताया कि डिहुटा गांव निवासी पूरन लाल पिता सुम्मेरा मेहरा मंगलवार को जब देर शाम घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। इस दौरान उसका शव गांव की पहाड़ी पर ही नीम के पेड़ पर फांसी के फंदे में लटकता हुआ मिला। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### डॉक्टर ने की आत्महत्या

**नवभारत, कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र के आदर्श कॉलोनी निवासी शहर के युवा चिकित्सक डॉ. अमन गुप्ता ने बीती रात अपने निवास पर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि एमबीबीएस स्नातकोत्तर की परीक्षा में सफलता नहीं मिलने से व्यथित होकर उन्होंने यह कदम उठाया। घटना की जानकारी मिलते ही बिचपुरिया परिवार के साथ ही पूरा शहर शोक में डूब गया। डॉ. अमन प्रतिष्ठित दवा व्यवसायी कीर्ति बिचपुरिया के सुपुत्र थे। उनकी असामयिक मौत से लोग स्तब्ध हैं। इस घटना ने अभिभावकों को फिर से चिंतित कर दिया है, क्योंकि बच्चे कठिन परिश्रम से भविष्य संवारते हैं, लेकिन असफलता के क्षणों में मानसिक दबाव से आत्मघाती कदम उठा लेते हैं। डॉ. अमन को परिवार ने बड़े लाड़-प्यार से डॉक्टर बनाया था, लेकिन हादसे ने पूरे परिवार को गहरे दुख में डाल दिया। शहर भर में इस दर्दनाक घटना से शोक की लहर व्याप्त है।

## छात्रों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश, किया पौधरोपण




**उमरियापान के शासकीय कॉलेज में किया गया पौधरोपण**

**नवभारत, उमरियापान।** जिले के उमरियापान सरकारी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभिलाषा चौरसिया के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों द्वारा पौधारोपण किया गया।

इसी क्रम में महाविद्यालय स्टाफ और छात्रों द्वारा उत्साह के साथ महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम अधिकारी अभिलाषा चौरसिया ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण के महत्व को बताते हुए पर्यावरण चेतना को सुदृढ़ करने पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में स्वयंसेवकों की भागीदारी रही। साथ ही काफी संख्या में छात्रों की उपस्थिति रही। इसके अलावा कॉलेज का स्टाफ भी मौजूद रहा। इस अवसर पर पर्यावरण संक्षण का संदेश देकर अधिक से अधिक पौधारोपण करने की बात कही गई।

## चारागाह विस्तार कार्य में भ्रष्टाचार का आरोप, जांच कर कार्रवाई की मांग

**शिकायतकर्ता का आरोप- जनसुनवाई में शिकायत के बाद भी नहीं हो रही जांच**



**नवभारत, रीठी।** जिले के रीठी जनपद क्षेत्र के अंतर्गत संचालित गौशालाओं के विस्तार के कार्य में भ्रष्टाचार किए जाने की शिकायत के मामले में दो सप्ताह बीतने के बाद भी जांच और कार्रवाई नहीं होने से जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि ग्राम घनिया, घुघरा, जमुनिया, पौड़ी और बड़गांव की गौशालाओं के लिए 14 लाख 99 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी। इस धनराशि का उद्देश्य गौवंश संरक्षण के लिए चारागाह का विस्तार, भूमि समतलीकरण, घास बीज बुआई, पानी की व्यवस्था और अन्य आधारभूत संरचना तैयार करना था। शिकायतों के अनुसार इन गांवों में वास्तविक धरातल पर कोई कार्य नहीं हुआ है। सामाजिक कार्यकर्ता और सत्य सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष चन्द्र भूषण दुबे , प्रदेश संयोजक कुंज बिहारी परोहा ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है।

उनका आरोप है कि संबंधित अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों की मिलीभगत से भारी अनियमितताएं की गई हैं। जमीन समतलीकरण और बीज बुआई जैसे काम सिर्फ कागजों में दर्शाए गए हैं। फर्जी बिल बनाकर राशि का दुरुपयोग हुआ है, जबकि गोवंश को हरा चारा उपलब्ध कराने की मूल मंशा अधूरी रह गई है। सूचना के अधिकार से मिली जानकारी के अनुसार इन गौशाला में राशि व्यय दर्शाई गई है, लेकिन मौके पर न तो कोई चारागाह तैयार है और न ही कोई संरचना दिखाई देती है। यही स्थिति अन्य पंचायतों की भी है।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि सरकारी राशि का दुरुपयोग योजनाबद्ध तरीके से किया गया है। शिकायत के बावजूद जांच और कार्रवाई नहीं होने से जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध नजर आ रही है। शिकायतकर्ता चन्द्र भूषण दुबे ने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

## सरपंच पुत्र के खाते में नियम विपरीत रूपए भुगतान करने का आरोप

**उपसंरपच ने लगाए आरोप, शिकायत कर कार्रवाई की मांग**




**नवभारत, उमरियापान।** जिले की ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत मुरवारी में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरेप लग रहे हैं। उप सरपंच और ग्रामवासियों द्वारा जिला पंचायत और जनपद के सीईओ को शिकायत पत्र देकर जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ग्राम पंचायत मुरवारी के उपसरपंच सुखचैन लोधी ने कलेक्टर और जनपद पंचायत सीईओ से की गई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सरपंच अजय लोधी शासकीय राशि गबन और मनमानी तरीके से भुगतान कर रहे हैं। शिकायत पत्र में उपसरपंच ने बताया कि मुरवारी सरपंच, सचिव को विकास कार्यों के लिए लगभग 70 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी, जिसमें से लगभग 37 लाख रुप, सीधे सरपंच अजय लोधी के पुत्र निशांत पटेल को नियमों के विपरीत भुगतान की गई है। आरोपों के अनुसार कई स्तरों पर वित्तीय अनियमितताओं की गई हैं। आरोपों के अनुसार ग्रामपंचायत के विकास कार्यों के लिए स्वीकृत राशि को निजी स्वार्थ में लगाया जा रहा है, मजदूरी भुगतान में अनियमितताएं की गई है, श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज होने के बावजूद उनकी मजदूरी उनके खातों में जमा नहीं कर तीसरे व्यक्ति राजेश कुमार लोधी के खाते में ट्रांसफर की गई है।

एक ही योजना और एक ही तिथि पर कई विक्रेताओं से सामान आपूर्ति के समान विवरण वाले बिल प्रस्तुत किए गए हैं। किराए के भुगतान संबंधी बिलों में अवधि और स्पष्टता नहीं है, कई बिल कार्बन कॉपी या डुप्लीकेट हैं, विक्रेताओं द्वारा लिए गए टैक्स का सही तरीके से सरकारी खाते में जमा हुआ या नहीं, इसकी कोई स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं है। आरोप है कि पटवारी देवलाल को 75 सौ रुपए की राशि सीधे निजी खाते में ट्रांसफर की गई है, भ्रष्टाचार के आरोपों से निलंबित सचिव वित्तीय लेन-देन में शामिल है। शिकायत पत्र में उपसरपंच सुखचैन लोधी ने मांग की है कि सरपंच अजय लोधी के वित्तीय अधिकारों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए।

जनपद या जिला पंचायत की देखरेख में एक स्वतंत्र जांच समिति गठित कर सभी मामलों की जांच कराई जाए आरोप साबित होते हैं तो सरपंच को पद से बर्खास्त कर उनके द्वारा गबन की गई राशि की वसूली की जाए। फर्जी विक्रेताओं पर कार्रवाई की जाए और जीएसटी से संबंधित गड़बड़ियों को संबंधित विभाग भेजकर जांच कराई जाए। ग्रामीणों ने बताया कि इस प्रकार की अनियमितताओं पर समय रोक नहीं लगाई गई तो विकास कार्य प्रभावित होंगे और जनता का विश्वास पंचायत व्यवस्था से उठ जाएगा।

## 43 लाख 68 हजार का मुआवजा देने का आदेश

**अस्पताल भवन से गिरकर हुई थी युवक की मौत, आयोग ने सुनाया फैसला**

**नवभारत, कटनी।** जिला उपभोक्ता प्रतितोषण आयोग ने स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही और अनियमितताओं को लेकर एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। आयोग ने चांडक चौक स्थित वर्धमान अस्पताल कटनी और हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ ऋषि जैन को दोषी मानते हुए मृतक मनोज परौहा (23 वर्ष) के परिजनों को 43 लाख 68 हजार रुपए का मुआवजा ब्याज सहित प्रदान करने का आदेश दिया है।

यह मामला 19 जुलाई 2022 से जुड़ा है, जब मनोज परौहा को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। परिवार का आरोप है कि अस्पताल ने पहले आयुष्मान कार्ड से इलाज करने का झांसा दिया, लेकिन बाद में 85,000 रुपए का ठेका लिया और 30,000 रुपए नकद लेने के बावजूद कोई रसीद उपलब्ध नहीं कराई। आरोप है कि इलाज के नाम पर न सिर्फ धोखाधड़ी की गई बल्कि मरीज को उचित सुरक्षा और देखरेख भी नहीं दी गई। घटना का सबसे चौंकाने वाला पहलू 30 जुलाई 2022 की रात सामने आया, जब मनोज अस्पताल की तीसरी मंजिल से नीचे गिर गया और उसकी मौत हो गई। जांच में यह साफ हुआ कि अस्पताल की बालकनी और रेलिंग पर सुरक्षा जाली तक नहीं लगी थी। अस्पताल में बुनियादी सुरक्षा इंतजामों का आभाव था। परिवादी रामजी परौहा ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही, सुरक्षा की कमी और अनुचित व्यापार प्रथा अपनाने का आरोप लगाया। मामले की सुनवाई के बाद न्यायाधीश श्यामाचरण उपाध्याय ने अस्पताल को दोषी ठहराते हुए कठोर आदेश दिया है, जिसमें मृतक के पिता को 13 लाख 68 हजार रुपए क्षतिपूर्ति देने, इलाज और सुरक्षा में लापरवाही के कारण 25 लाख रुपए अतिरिक्त मुआवजा और अनुचित व्यापार प्रथा और सेवा में कमी पर 5 लाख रुपए क्षतिपूर्ति सहत 20 हजार रुपए वाद व्यय दिया जाए।

## पंचायत के कार्यों में हुए फर्जीवाड़े की जांच शुरू

**ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत के बिचुआ ग्राम पंचायत का मामला**




**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले की ढींमरखेड़ा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली बिचुआ ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार किए जाने के आरोप लग रहे हैं। आरोप है कि सरपंच और सचिव ने मिलकर लाखों रुपए की राशि फर्जी बिल लगाकर सरकारी खाते से निकाली है। मामले का खुलासा तब हुआ जब इन बिलों को ऑनलाइन सरकारी पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया। आरोपों के अनुसार पंचायत में बिना किसी कार्य को किए ही उसके फर्जी बिल बनाए गए और फिर इन बिलों के आधार पर लाखों की राशि निकाली गई। यह राशि मुख्य रूप से उन कार्यों के नाम पर निकाली गई है जो या तो हुए ही नहीं या फिर अधूरे छोड़ दिए गए। आरोप लगाया गया है कि ऑनलाइन भुगतान उन लोगों के खातों में किए गए हैं जो न तो संबंधित कार्य से जुड़े थे और न ही उनके नाम पर कोई कार्य आवंटित हुआ था।

भ्रष्टाचार में कमीशन के का भी आरोप लगाया गया है। लगाए जा रहे आरोपों पर जनपद पंचायत सीईओ का कहना है कि यह एक गंभीर मामला है और इसकी जांच की जाएगी। दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति पर कार्रवाई की जाएगी। पोर्टल में अपलोड किए गए सभी दस्तावेजों की जांच की जा रही है। स्थानीय लोग और सामाजिक कार्यकर्ता इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग कर रहे हैं ताकि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सके।

## वार्ड में बनेगी सड़क और नाली, बेहतर आवागमन की मिलेगी सुविधा

**दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में मिली सीसी रोड और नाली की सौगात**



**नवभारत, कटनी।** शहर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में 11 लाख 58 हजार की लागत से सीसी रोड और नाली का निर्माण कराया जाएगा। वार्ड में निर्माण कार्यों का भूमिपूजन महापौर प्रीति संजीव सूरी की उपस्थिति में किया गया। भूमिपूजन के अवसर पर महापौर ने कहा कि वार्ड में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे है।

गौर मार्ग में सीसी सड़क और अमर खटीक के घर के आसपास सीसी नाली का निर्माण होने से बेहतर आवागमन के साथ ही जल निकासी की समस्या से मुक्ति मिल सकेगी। महापौर ने कहा कि आप लोगों का भी दायित्व है कि आप निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर नजर रखें और किसी भी प्रकार की कमी मिलने पर क्षेत्रीय उपयंत्री या नगर निगम कार्यालय में तत्काल इसकी सूचना दें।

विकास कार्यो की सौगात मिलने और समस्या का निराकरण होने से क्षेत्रीय लोगों हर्ष व्याप्त है। क्षेत्रीय लोगों द्वारा महापौर, क्षेत्रीय पार्षद सीमा अरविंद श्रीवस्तव सहित उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया।

इस दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, सुरेन्द्र गुप्ता, पार्षद शकुंतला सोनी, पूर्व पार्षद कमलेश चौधरी, गौरीशंकर पटेल, मंडल अध्यक्ष रजत जैन, उपाध्यक्ष प्रमोद सोनी, महामंत्री प्रदीप, संजय नाकरा उपाध्याय सहित मातृ शक्ति कीर्ती चतुर्वेदी, विमला पटेल, राकेश चतुर्वेदी, मनोज सोनी, संतोष चतुर्वेदी, शैलेष असाटी, मनीष खुतवल, खन्ना चौबे, संजीव ठाकुर, कुलभूषण पुरवार, योगेश सोनी, संतोष गुप्ता सहित क्षेत्रीय उपयंत्री जायेन्द्र प्रताप सिंह, निर्माण एजेंसी ओम वैष्णवी कंस्ट्रक्शन के प्रतिनिधि उपस्थिति रही।

**जनसंवाद** — घुघरा ग्राम पंचायत में कलेक्टर ने ग्रामीणों से किया जनसंवाद, 33 आवेदकों की सुनी गई शिकायतें, निराकरण के निर्देश

## जलाशय की मरम्मत कराने से खत्म होगी सिंचाई की समस्या, किसानों को मिलेगा पर्याप्त पानी



**नवभारत,कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव विकासखंड ग्राम पंचायत घुघरा में गुरुवार को आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने 33 ग्रामीणों की समस्याओं और शिकायतों को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। लोकसुनवाई के दौरान घुघरा के निवासी संतोष, दिलीप, लेखराज और अन्य ग्रामीणों ने आवेदन देते हुए बताया कि घुघरा, मुरावल, हृदयनगर, बढ़ैयाखेरा, बाणसागर, भटिया टोला में सरकारी जमीन व वन विभाग की जमीनों पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम को नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। लोकसुनवाई के दौरान ग्राम बाणसागर निवासी अनीता बाई और रामरूप केवट ने सुनने में कठिनाई बताते हुए कलेक्टर से श्रवण यंत्र दिलाने की मांग की। जिस पर कलेक्टर ने सामाजिक न्याय विभाग को श्रवण यंत्र प्रदान करने के निर्देश दिए। मुरावल ग्राम के ग्रामीणों ने कलेक्टर को बौल्हा जलाशय की मरम्मत कराने की मांग करते हुए कहा कि यह जलाशय जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। जलाशय की मरम्मत से किसानों की सिंचाई के लिए पानी की समस्या समाप्त हो जाएगी। जिस पर कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ग्राम घुघरा के ग्रामीणों ने कलेक्टर को बताया कि घुघरा के पशु औषधालय में पशु चिकित्सक अक्सर अनुपस्थित रहते हैं।

इसके अलावा पशुओं का इलाज कराने पर पैसा लिया जाता है। इस पर कलेक्टर ने वेटनरी विभाग को समय-सीमा में आवश्यक कार्रवाई कर शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा और एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी भी मौजूद रहे।

17 वर्ष का चिकित्सकीय अनुभव
आज की जरूरत है होम्योपैथिक चिकित्सा
हो जाएं जब सब जगह से निराश Cure Zone जगाए आस
www.curezon.com
क्या आप ऐलोपैथिक, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के द्वारा इलाज से उचित लाभ नहीं ले पा रहे हैं? तो आज ही अपनी विभिन्न शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों के लिए संपर्क करे।
क्योर जोन
होम्योपैथिक क्लीनिक एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श केन्द्र
Dr.V.B.Khare
डॉ. व्ही. बी. खरे
M.A.Psych., B.Sc. B.H.M.S.,C.C.H., P.G.D.P.C., D.N.Y.S.
(होम्योपैथिक विशेषज्ञ एवं मनोवैज्ञानिक सलाहकार)
डॉ. अनुभा खरे
B.H.M.S.,D.N.Y.S., C.C.H
(होम्योपैथिक एवं सौंदर्य विशेषज्ञ)
चर्मरोग, वात रोग, बार-बार पथरी होना, किडनी के रोग, माइग्रेन, बालो का झड़ना, बच्चों के रोग, महिलाओं के रोग, यौन रोग, लकवा, मोटापा, थाइराइड प्राब्लम, PCOD, किसी भी प्रकार की गॉंठ, बवासीर एवं सभी प्रकार की शारीरिक एवं मानसिक आघात की चिकित्सा व मानसिक रोग, डिप्रेशन, तनाव आदि के उपचार के लिए संपर्क करें।
मोहन टॉकीज के पीछे, शुभ श्री टेलर के सामने, फर्स्ट फ्लोर, कटनी (म.प्र.)
फोन- 9406540935, 7067230030, 07622-408111

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024